पाक्षिक समाचार

सम्पर्क

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली

खण्ड–XXIX अंक–21 15 नवंबर, 2024

कुलक्ष्ये प्रणश्यन्ति कुलधर्माः सनातनाः। धर्मे नष्टे कुलं कृत्स्नमधर्मोऽभिभवत्युत।।

कुल का नाश होने पर सनातन कुल–परम्परा नष्ट हो जाती है और इस तरह शेष कुल भी अधर्म में प्रवृत्त हो जाता है।

–श्रीमद्भगवद्गीता 1/39

ओपन हाउस 2024 सम्पन्न







आईआईटी दिल्ली ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति युवा मन को प्रेरित करने के लिए डिजाइन किए गए अपने वार्षिक "ओपन हाउस" कार्यक्रम के 17वें संस्करण की गर्व से मेजबानी की। इस वर्ष ओपन हाउस में जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिली, जिसमें दिल्ली– एनसीआर के 58 स्कूलों और कॉलेजों के लगभग 3500–4000 छात्रों ने शिक्षकों और आम लोगों के साथ भाग लिया। वे यह जानने के लिए आए कि राष्ट्रीय महत्व का एक प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी दिल्ली, किस तरह अनुसंधान और नवाचार के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहा है। इस वार्षिक कार्यक्रम में अग्रणी अनुसंधान कार्यों, छात्र परियोजनाओं और आईआईटी दिल्ली में उपलब्ध कई उन्नत सुविधाओं और प्रयोगशालाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई ।

संस्थान निदेशक प्रो. रंगन बनर्जी ने कहा "हमने विज्ञान और इंजीनियरिंग पर ध्यान केंद्रित करते हुए शुरुआत की थी और हम आज भी इसे बढ़ावा दे रहे हैं। अब हम स्वास्थ्य सेवा, सामाजिक विज्ञान के लिए भी काम कर रहे हैं। एम्स के साथ मिलकर हम स्वास्थ्य सेवा में ए.आई. के लिए एक उत्कृष्टता केंद्र भी स्थापित कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य उन पीढ़ियों को तैयार करना है जो देश और दुनिया को बदलने की क्षमता रखें। हम दुनिया भर में अपने शोध के माध्यम से भी प्रभाव डालना चाहते हैं।''

मुख्य अतिथि के रूप में एम्स, नई दिल्ली के पूर्व निदेशक प्रो. रणदीप गुलेरिया ने ओपन हाउस का उद्घाटन किया और 'हेल्थकेयरः ए लुक बैक, ए लुक अहेड' शीर्षक से एक व्याख्यान दिया। प्रो. रणदीप गुलेरिया ने विज्ञान की प्रगति पर बात की। उन्होंने कहाः "हमें अपनी सोच को विस्तृत करना होगा क्योंकि भविष्य में विज्ञान की विभिन्न शाखाएं जैसे इंजीनियरिंग, गणित, मानविकी और चिकित्सा सभी एकीकृत होकर एक व्यापक क्षेत्र का निर्माण करेंगे और यदि आप अपने साइलो से बाहर सोचना शुरू करते हैं, तो आपके पास मानवता की सेवा करने के लिए बेहतर विचार होंगे।"

गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में श्री रजत मिश्रा, निदेशक और सीईओ, EFKON इंडिया ग्रुप ने 'चिल्डनः दि एजेन्ट ऑफ चेंज' शीर्षक से एक व्याख्यान दिया। श्री मिश्रा, 1989 बैच के आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र, एक समर्पित सामाजिक उद्यमी हैं जो शिक्षा, सड़क सुरक्षा और पर्यावरणीय स्थिरता की पहल में जुनून के साथ लगे हुए हैं।

संस्थान के संकायाध्यक्ष प्रो. नरेश भटनागर (औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास एकक) ने इस आयोजन की उल्लेखनीय वृद्धि पर ध्यान आकर्षित किया कि कोविड के बाद स्कूलों की भागीदारी दोगुनी हो गई, यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी में छात्रों के बीच मजबूती और नए सिरे से रुचि को दर्शाता है।

ओपन हाउस 2024 के अध्यक्ष एवं न्यूरोसाइंस और ए.आई.–संचालित हेल्थकेयर के एक प्रमुख विशेषज्ञ प्रो. तपन के. गांधी (विद्युत इंजीनियरी विभाग) ने युवा प्रतिभागियों के उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा, '''ओपन हाउस' जैसे कार्यक्रम भविष्य के नवोन्मेषकों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जो भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी उन्नति को आगे बढ़ाएंगे।''

ओपन हाउस में लगभग 250 अभिनव शोध परियोजनाओं का एक व्यापक संग्रह प्रदर्शित किया गया। आईआईटी दिल्ली के संकाय और छात्रों ने लाइव डेमो, पोस्टर और 3 मिनट की शोध प्रस्तुतियों के माध्यम से आगंतुकों के सामने अपने काम को प्रदर्शित किया, जिससे जटिल शोध युवा दर्शकों के लिए सुलभ और आकर्षक बन गया। आईआईटी दिल्ली के छात्रों ने स्कूली छात्रों के लिए अपनी परियोजनाओं का लाइव प्रदर्शन किया।

इस कार्यक्रम में विभिन्न ऐतिहासिक परियोजनाओं का लाइव प्रदर्शन किया गया, जहां स्वास्थ्य सेवा में ए.आई., क्वांटम प्रौद्योगिकी और सेमीकंडक्टर उन्नति जैसे क्षेत्रों में आईआईटी दिल्ली की भूमिका को नवाचार केंद्र के रूप में रेखांकित किया गया। मुख्य आकर्षणों में ''अल्ट्रासाउंड इमेज से पित्ताशय की थैली के कैंसर का पता लगाने के लिए एक एआई–आधारित परियोजना'' थी, जिसका उद्देश्य बिना चीरफाड़ के प्रारंभिक निदान के माध्यम से जीवन बचाना था। अन्य उल्लेखनीय परियोजनाओं में कुशल श्वेत प्रकाश के लिए एक ''लेजर– बेस्ड सॉलिड–स्टेट लाइटिंग सिस्टम'', बुजुर्गों के लिए गतिशीलता बढ़ाने वाली एक ''स्मार्ट वॉकिंग स्टिक'' और वास्तविक समय पर्यावरण निगरानी के लिए एक ''पोर्टेबल माइक्रोस्कोपिक एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग ऐन्ड बायोएरोसोल इमेजिंग सिस्टम'' शामिल थे। अतिरिक्त नवाचारों में सुरक्षित संचार के लिए ''5G ऑथेंटिकेशन ऐन्ड की एग्रीमेन्ट ऑन प्रोटोकॉल XBee'', खाद्य और पर्यावरण अनुप्रयोगों के लिए 'रैपिड टेस्टिंग किट', परमाणु इंटरैक्शन का पता लगाने के लिए ''एटम्स एट प्लेः मॉलिक्युलर डायनैमिक्स सिमुलेशन'' और ब्रह्मांडीय संरचनाओं को समझने के लिए ''मैपिंग अवर गैलेक्सी फ्रॉम विदइन'' शामिल था। इन परियोजनाओं ने सैद्धांतिक अनुसंधान और वास्तविक दुनिया के अनुप्रयोगों को जोड़ने तथा ठोस सामाजिक प्रभाव वाले समाधान तैयार करने के लिए आईआईटी दिल्ली की प्रतिबद्धता को उजागर किया।

ओपन हाउस में विभिन्न प्रमुख आकर्षणों में आईआईटी दिल्ली–अबू धाबी का स्टॉल भी शामिल था। आगंतुकों को आईआईटीडी–एडी प्रवेश प्रक्रिया, छात्रावास सुविधाओं, चल रहे यू.जी. और पी.जी. पाठ्यक्रमों, संबद्ध प्रयोगशाला सुविधाओं, आकर्षक छात्रवृत्तियों और घर आने–जाने के भत्ते के बारे में जानकारी दी गई। 2025 में, संस्थान के पहले अंतरराष्ट्रीय परिसर आईआईटी दिल्ली–अबू धाबी में कई शोध पहलों के साथ–साथ नए शैक्षणिक कार्यक्रम शुरू किए जाने की उम्मीद है।

आईआईटी दिल्ली के प्रो. भास्कर कंसेरी (भौतिकी विभाग) ने 'क्वांटममैनियाः दि पावर ऑफ क्वांटम कम्युनिकेशन' शीर्षक पर व्याख्यान दिया। उन्होंने क्वांटम संचार के वैज्ञानिक और तकनीकी पहलुओं और क्वांटम उलझाव और क्वांटम टेलीपोर्टेशन की क्रांतिकारी तकनीकों से जुड़े रहस्यों से परिचय कराया।

प्रो. तपन के. गांधी (विद्युत इंजीनियरी विभाग) ने न्यूरोसाइंस और ए.आई. के क्षेत्र में अपने काम पर चर्चा की, जिसका शीर्षक था 'न्यूरो ए.आई. इंटेलिजेंस ऑफ साइंस' जिसमें दिखाया गया कि कैसे अंतः विषय अनुसंधान का महत्वपूर्ण सामाजिक प्रभाव हो सकता है और भविष्य के अनुप्रयोगों के लिए बुद्धिमान मशीनों के विकास को प्रेरित कर सकता है।

ओपन हाउस 2024 एक बार फिर जिज्ञासाओं को बढाने, सीखने को बढ़ावा देने और पूरी दुनिया के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से एक उज्जवल भविष्य को आकार देने के लिए उत्सुक नई पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए एक शक्तिशाली मंच के रूप में कार्य करेगा।

प्रकाशन एकक का कार्यभार

स्थापना अनुभाग-II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/ Estt.-2/2024/335580 दिनांक 06.11.2024 के अनुसार निदेशक महोदय ने तत्काल प्रभाव से जनसंपर्क अधिकारी को प्रकाशन एकक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है, वह अपने कार्य के अतिरिक्त प्रकाशन एकक का कार्य भी देखेंगे।

त्यागपत्र स्वीकृत

- स्थापना अनुभाग– II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/Estt.-2/2024/334652 दिनांक 04.11.2024 के अनुसार **श्री राहुल धर्मास्य,** प्रशासनिक सहायक ने अपने पद से त्यागपत्र का अनुरोध किया था जिसे सक्षम प्राधिकारी ने स्वीकार कर लिया है। अतः श्री राहुल धर्मास्य को 04.11.2024 से संस्थान कार्य से मुक्त कर दिया गया है।

- स्थापना अनुभाग– II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/Estt.-2/2024/334635 दिनांक 04.11.2024 के अनुसार **श्री हिमांशु निमेश,** प्रशासनिक सहायक ने अपने पद से त्यागपत्र का अनुरोध किया था जिसे सक्षम प्राधिकारी ने स्वीकार कर लिया है। अतः श्री हिमांशु निमेश को 04.11.2024 से संस्थान कार्य से मुक्त कर दिया गया है।

- स्थापना अनुभाग– II से प्राप्त विज्ञप्ति सं. IITD/Estt.-2/2024/337898 दिनांक 11.11.2024 के अनुसार **श्री अमनचा राकेश,** सहायक प्रशासनिक अधिकारी ने अपने पद से त्यागपत्र का अनुरोध किया था जिसे सक्षम प्राधिकारी ने स्वीकार कर लिया है। अतः श्री अमनचा राकेश को 11.11.2024 से संस्थान कार्य से मुक्त कर दिया गया है।

संघ का राजकीय कार्य हिंदी में करने के लिए वर्ष 2024–2025 का वार्षिक कार्यक्रम

क्र. सं.	कार्य विवरण	"क" क्षेत्र	"ख" क्षेत्र	"ग" क्षेत्र
1.	हिंदी में मूल पत्राचार (ई–मेल सहित)	1.क क्षेत्र से क क्षेत्र को 100% 2.क क्षेत्र से ख क्षेत्र को 100% 3.क क्षेत्र से ग क्षेत्र को 65% 4.क क्षेत्र से क व ख क्षेत्र के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के कार्यालय/व्यक्ति 100%	1. ख क्षेत्र से क क्षेत्र को 90% 2. ख क्षेत्र से ख क्षेत्र को 90% 3. ख क्षेत्र से ग क्षेत्र को 55% 4. ख क्षेत्र से क व ख क्षेत्र के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के कार्यालय/व्यक्ति 90%	1. ग क्षेत्र से क क्षेत्र को 55% 2. ग क्षेत्र से ख क्षेत्र को 55% 3. ग क्षेत्र से ग क्षेत्र को 55% 4. ग क्षेत्र से क व ख क्षेत्र के राज्य/संघ राज्य के क्षेत्र कार्यालय/व्यक्ति 55%
2.	हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में दिया जाना	100%	100%	100%
3.	हिंदी में टिप्पण	75%	50%	30%
4.	हिंदी माध्यम से प्रशिक्षण कार्यक्रम	70%	60%	30%
5.	हिंदी टंकण करने वाले कर्मचारी एवं आशुलिपिक की भर्ती	80%	70%	40%
6.	हिंदी में डिक्टेशन/की बोर्ड पर सीधे टंकण (स्वयं एवं सहायक द्वारा)	65%	55%	30%
7.	हिन्दी प्रशिक्षण (भाषा, टंकण, आशुलिपि)	100%	100%	100%
8.	द्विभाषी प्रशिक्षण सामग्री तैयार करना।	100%	100%	100%
9.	जर्नल और मानक संदर्भ पुस्तकों को छोड़कर पुस्तकालय के कुल अनुदान में से डिजिटल वस्तुओं अर्थात हिंदी ई–पुस्तक, सीडी/डीवीडी, पैन ड्राइव तथा अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं से हिन्दी में अनुवाद पर व्यय की गई राशि सहित हिंदी पुस्तकों की खरीद पर किया गया व्यय।	50%	50%	50%
10.	हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में काम करने की सुविधायुक्त इलैक्ट्रोनिक उपकरणों जिनमें कम्प्यूटर भी शामिल है, की खरीद	100%	100%	100%
11.	वेबसाइट द्विभाषी हो	100%	100%	100%
12.	नागरिक चार्टर तथा जन सूचना बोर्ड आदि द्विभाषी रूप में प्रदर्शित किये जाए।	100%	100%	100%
13.	(i) मंत्रालयों/विभागों और कार्यालयों तथा राजभाषा विभाग के अधिकारियों (उ.स./नि.दे./सं.स.) द्वारा अपने मुख्यालय से बाहर स्थित कार्यालयों का निरीक्षण (कार्यालयों का प्रतिशत)	25% (न्यूनतम)	25% (न्यूनतम)	25% (न्यूनतम)
	(ii) मुख्यालय में स्थित अनुभागों का निरीक्षण	25% (न्यूनतम)	25% (न्यूनतम)	25% (न्यूनतम)
	(iii) विदेश में स्थित केन्द्र सरकार के स्वामित्व एवं नियंत्रण के अधीन कार्यालयों/उपक्रमों का संबंधित अधिकारियों तथ रा.भा.वि. के अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण		वर्ष में कम से कम एक निरीक्षण	
14.	राजभाषा संबंधी बैठकें			
	(क) हिंदी सलाहकार समिति		वर्ष में 02 बैठकें	
	(ख) नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति		वर्ष में 02 बैठकें (प्रति छमाही एक बैठक)	
	(ग) राजभाषा कार्यान्वयन समिति		वर्ष में 04 बैठकें (प्रति तिमाही एक बैठक)	
15.	कोड, मैनुअल, फॉर्म, प्रक्रिया साहित्य का हिंदी अनुवाद	100%		
16.	मंत्रालयों/विभागों/कार्यालयों/बैंकों/उपक्रमों के ऐसे अनुभाग जहां संपूर्ण कार्य हिन्दी में हो	40%	30%	20%

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY DELHI

प्रशासनिक अधिकारियों के दैनिक सरकारी कामकाज में सामान्य व्यवहार में प्रयुक्त होने वाली संक्षिप्त आदेशात्मक टिप्पणियाँ

(Brief important notings being used by Administrative Officers in their daily routine official work)

अंग्रेजी	हिन्दी
Action may be taken as proposed.	यथाप्रस्तावित कार्रवाई की जाए।
All concerned should note carefully.	सभी संबंधित व्यक्ति इसे ध्यान से नोट कर लें।
Application is rejected.	प्रार्थना-पत्र अस्वीकृत किया जाता है।
Approved.	अनुमोदित।
Approved as a very special case. This should not, however be Quoted as a precedent.	एक विशेष मामला मानते हुए अनुमोदित किया जाता है। किन्तु आगे उदाहरण के रूप में इसका उल्लेख न किया जाए।
Wait further report.	आगे और विवरण की प्रतीक्षा कीजिए।
Await reply.	उत्तर की प्रतीक्षा करें।
Do the needful.	आवश्यक कार्रवाई करें।
Draft is concurred in.	प्रारूप पर सहमति दी जा रही है।
Draft may not be issued.	अब प्रारूप जारी करने की आवश्यकता नहीं है।
Draft reply on the lines suggested above may be Put up.	उपरोक्त सुझावों के आधार पर उत्तर का मसौदा तैयार कीजिए।
Enquire into the case and report early.	मामले की जांच करें और शीघ्र रिपोर्ट दें।
Enquiry be completed and its report submitted at an Early date.	जांच पूरी की जाए और रिपोर्ट जल्दी प्रस्तुत की जाए।
Explanation may be called for.	स्पष्टीकरण मांगा जाए।
Fix a date for meeting.	बैठक के लिए तारीख नियत करें।
Give top priority to this work.	इस कार्य को परम अग्रता दें।
I agree.	मैं सहमत हूं।
I agree with 'A' above.	मैं उपर्युक्त 'क' से सहमत हूं।
I disagree.	मैं सहमत नहीं हूं।
I fully agree with office note.	मैं कार्यालय की टिप्पणी से पूर्णतया सहमत हूं।

अंग्रेजी	हिन्दी
Inform accordingly.	तदनुसार सूचित किया जाए।
Issue as amended.	यथासंशोधित जारी किया जाए।
Issue reminder urgently.	तुरन्त अनुस्मारक भेजिए।
Issue today.	आज ही भेज दिया जाए।
Issue warning.	चेतावनी दी जाए।
Kindly see it for approval.	कृपया इसे अनुमोदन के लिए देखें।
May file.	फाईल कर दिया जाए।
No assurance in the matter can be given at this stage.	इस मामले में इस समय कोई आश्वासन नहीं दिया जा सकता है।
Order may be issued.	आदेश जारी कर दिया जाए।
Office may note it carefully.	कार्यालय इसे सावधानी से नोट कर लें।
Permitted.	अनुमति दी जाती है।
Please circulate and file.	कृपया सभी को दिखाकर फाइल कर दें।
Please discuss.	आकर चर्चा कर लें।
Please fleg the relevent papers.	कृपया संगत कागजातों पर पर्चियाँ लगा दें।
Please issue necessary notification.	कृपया आवश्यक अधिसूचना जारी करें।
Please make a special note of this Decision.	कृपया इस निर्णय को विशेष रूप से नोट करे।
Please prepare a precis of the case.	कृपया मामले की संक्षेपिका तैयार करें।
Please put up a self contained note.	कृपया स्वतः पूर्ण टिप्पणी प्रस्तुत करे।
Please remind after one week.	कृपया एक सप्ताह बाद याद दिलाएं।
Please see the preceding notes.	कृपया पिछली टिप्पणियाँ देख लें।
Please speak.	कृपया बात करें।

हिन्दी कक्ष द्वारा सम्पादित एवं प्रकाशित दूरभाषः EPABX 7144

मुद्रकः सागर प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, नई दिल्ली। ई–मेलः sagarprinters@gmail.com